| |
|---|
| दिनांक 28.08.2026 |
| प्रेस विज्ञप्ति 452/2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## जनपद चन्दौली/थाना सैयदराजा

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 27.08.2026 को थाना सैयदराजा व सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से पुरस्कार घोषित अभियुक्त गंगाधर को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना सैयदराजा पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना सैयदराजा पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—गंगाधर निवासी शंकरपुर, धानुपुर थाना हण्डिया जनपद प्रयागराज।

## जनपद मीरजापुर/थाना अहरौरा

- **पुलिस कार्यवाही में 01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के 05 हजार 300 रूपये नगद**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद**

दिनांक 27.08.2026 को थाना अहरौरा पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर सुरभि शोध संस्थान के पास बदमाश को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त जावेद घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लूट के 05 हजार 300 रूपये नगद, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि थाना अहरौरा क्षेत्रान्तर्गत बदमाश द्वारा लूट की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना अहरौरा पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त की गिरफ्तारी व माल की बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार

अभियुक्त से बरामद रूपये उक्त लूट की घटना से सम्बन्धित है। गिरफ्तार अभियुक्त हिस्ट्रीशीटर अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद मीरजापुर के थाना अहरौरा पर लूट, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट, गुण्डा एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 07 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना अहरौरा पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–जावेद निवासी नई बस्ती थाना अहरौरा जनपद मीरजापुर।

**बरामदगी**

1–लूट के 05 हजार 300 रूपये नगद।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि।

**जनपद बांदा/थाना बिसण्डा**

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **47.1 ग्राम अवैध स्मैक**
- **01 मोबाइल फोन**
- **घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 27/28.08.2026 की रात्रि थाना बिसण्डा पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम बिलगांव खुरहण्ड रोड के पास से अभियुक्त धर्मराज को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 47.1 ग्राम अवैध स्मैक, 01 मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद हुये।

इस सम्बन्ध में थाना बिसण्डा पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–धर्मराज निवासी ग्राम सहेवा थाना गिरवां जनपद बांदा।

**बरामदगी**

1–47.1 ग्राम अवैध स्मैक।

2–01 मोबाइल फोन।

3–घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल।

————————